गुड आइडिया... मुसीबत में इस वन टच इमरजेंसी रिस्पॉन्स सर्विस से लोग ले रहे हेल्प, जुड़ चुके हैं 10 हजार से ज्यादा लोग

हर मुश्किल में काम आती है यह टीम

वॉट एन IDEA

जिसने सॉल्व की प्रॉब्लम

यह छोटा सा आइडिया है जो कारगर हो रहा है। आपके पास भी अपना यूनीक आइडिया है तो हमें मेल करिए
ggnnbt@gmail.com
सब्जेक्ट म लिखे
My Unique IDEA

■ पूनम गौड़, गुड़गांव

कभी सोचा है अगर आधी रात को आपकी गाड़ी पंक्चर हो जाए या फिर आपके घर में मेडिकल इमरजेंसी हो, या फिर अचानक रोड एक्सिडेंट हो जाए, तो तुरंत आप किसकी मदद लेंगे। ऐसे में या तो आप अपने किसी खास रिश्तेदार से मदद मांगेंगे या फिर पुलिस का नंबर ट्राई करेंगे। लेकिन अगर वहां से भी आपको मदद न मिल पाई तो.....। ऐसे में एक और मददगार है जहां से आप हेल्प ले सकते हैं। 'वन टच इमरजेंसी रिस्पॉन्स सर्विस से आप 24 घंटे कभी भी मदद ले सकते हैं। इस सर्विस को आप इसके फोन नंबर को डायल कर या फिर ऐप के जरिए हासिल कर सकते हैं। पिछले 8 महीने के दौरान ही इससे 10 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इसके यूजर्स में महिलाएं, कॉरपोरेट्स और बुजुर्ग तक शामिल हैं।

रेस्क्यू टीम 15 से 20 मिनट में मदद के लिए पहुंच जाती है

ऐसे करती है सर्विस काम

वन टच रिस्पॉन्स इमरजेंसी सर्विस के सीईओ राजीव माथुर ने बताया कि ऐप का बटन दबाते ही उसकी लोकेशन ट्रेस हो जाती है। इमरजेंसी किस तरह की है पहले यह सवाल पूछा जाता है। तुरंत पास की टीम को मौके पर भेज देते हैं। दिल्ली-एनसीआर में इसकी कई टीमें बनाई गई हैं।

'दो बार ली मैंने मदद'

सेक्टर-4 की नेहा ने बताया कि उन्हें महिला दिवस के दिन इस सर्विस के बारे में पता चला था। दो बार वह यह सर्विस यूज कर चुकी हैं। एक बार उनका एक्सिडेंट हो गया। उन्होंने 100 नंबर डायल किया, लेकिन वह नहीं मिला। तब उन्होंने इस ऐप से मदद मांगी। 10 मिनट में रेस्क्यू टीम उनके पास आ गई। बाद में सब कुछ पुलिस की औपचारिकताएं आईं इनकी टीम ने ही डील किया। दूसरी बार उन्हें तब मदद की जरूरत पड़ी, जब वह प्रेग्नेंट थीं और घर पर अकेली थीं। मेडिकल इमरजेंसी के लिए मुझे तुरंत ऐप से मदद मिली।